## पशु पक्षियों के लिए लगाए परिंड़े

**झुंझुनूं**, (निस)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्थाओं के लिए राजकीय कार्यालयों व कस्बों में पेड़ों पर लगाए परिंडे, दाने के पात्र, पशुओं के पानी के लिए खेल एवं आमजन के लिए प्याऊ एवं वाटर कूलर स्थापित किए गए है। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अम्बालाल मीणा ने संबंधित विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायत स्तर पर गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की जो व्यवस्था की गई हैं। उसे जारी रखते हुए इनकी संख्या में और बढ़ोतरी की जाए। पंचायतीराज विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए चारा, दाना, पानी की व्यवस्था ग्राम पंचायत स्तर पर करवाने या भामाशाह व समाजसेवी से करवाने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद सीईओ मीणा ने जिले में पक्षियों के लिए 4796 परिंडे, 2798 दाना पात्र, 967 आवारा पशुओं के लिए खेलों में पानी व आमजन के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए 1472 मटके वाली प्याऊ लगाई गई है। ठंडे पानी के लिए 465 वाटर कूलर भामाशाह जन सहयोग व ग्राम पंचायत की मदद से पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की जिले की 333 ग्राम पंचायत में 13461 जगह पर पशु-पक्षियों के लिए परिंडे व दाना-पात्र, पेयजल के लिए खेल, प्याऊ, वाटर कूलर लगाए गए।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

## हिट वेव को देखते हुए बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी में मौसमी बिमारियों को देखते हुए सोमवार को ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन के लिए सरकारी अस्पतालों में बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए।

एस.डी.एम. सविता शर्मासरकार की ओर से निर्धारित समय पर डाडा फतेहपुरा के राजकीय अस्पताल परिसर में पहुंची, जहां अस्पताल का निरीक्षणकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसडीएम सविता शर्मा ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के तहत आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही दवाईयां की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वार्ड, दवा वितरण केंद्र, जांच लैब, उपस्तिथि पंजिकासहित आदि का निरीक्षणकियागया। वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वर्तमान समय में भीषण गर्मी से मरीजों की बढ़ोतरी के अंदेशों को लेकर अलग से बनाए गए वार्ड, डीडीसी व दवा स्टोर में दवाइयां के स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखनेके निर्देश दिए। एसडीएम सविता शर्मा ने बताया कि प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है। ऐसे में प्रत्येक



भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन के लिए सरकारी अस्पतालों में बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए।

व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को लेकर बेहतर प्रयास करने चाहिए। इसके अलावा किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत अस्पताल में पंहुच कर उपचार लेना चाहिए। एसडीएम ने अस्पताल में एमएनडीवाई व एमएनजेवाई योजनाओं के लाभार्थियों से यथास्थिति पूछी। इसके बाद उन्होंने पीएचसीका भीनिरीक्षणकर हीट वेव को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं में बेहतर सुधार करनेके निर्देश दिए। उन्होंनेबताया कि जल्द ही दोबारा से अस्पताल का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान कोई भी कमियां पाई गई तो संबंधित प्रभारी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मौसमी बिमारियों को देखते हुए अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने महामल गौशाला का निरीक्षण कर गायों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लेकर गौशाला संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मनीष भारद्वाज, भजनलाल, लीलाराम, प्रियंका सहित कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

- **एस.डी.एम. सविता शर्मा ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के तहत आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही दवाईयां की जानकारी ली**

## सार-समाचार

### एस.डी.एम. ने निरीक्षण किया



**चिड़ावा**, (निसं)। एसडीएम बृजेश गुप्ता ने सोमवार को सरकारी उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम गुप्ता ने पट्टी कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, पुरुष, जनाना वार्ड, बच्चा वार्ड, दवा काउंटर सहित ओपीडी और पर्ची काउंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम गुप्ता ने ओपीडी में एसी बंद रखने पर नाराजगी जताई। उन्होंने पेयजल और छाया की व्यवस्था पर्ची काउंटर पर भी करने और ओपीडी भवन में एसी चालू रखने और आवश्यकता होने पर कूलर लगाने के निर्देश दिए। दवा काउंटर पर भी छाया व्यवस्था करने का आदेश दिया। इस दौरान अस्पताल पीएमओ डॉक्टर सुमन लता कटेवा, नर्सिंग अधीक्षक रण सिंह, एसडीएम कार्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया और अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

### पशुचारक ने बकरी को कुंए से निकाला

**पाटन**, (निसं)। जिले की नीमकाथाना पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरसिंहपुरी के हुल्डा का बास में सोमवार को ग्वाल बकरी चराने के लिए खेत में गया तभी वहां आसपास के 10-15 आवारा कुत्तों ने बकरियों का पीछा किया। बकरियां अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी लेकिन आवारा कुत्तों द्वारा लगातार उनका पीछा कर रहे थे। तब ही अपने बचाव करने के लिए बकरियां इधर-उधर दौड़ते हुए एक कुएं के पास पहुंची और अपनी जान बचाने के चक्कर में कुएं में कूद गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि ऐसी घटनाएं आए दिन घटती रहती है। आवारा कुत्तों का भयंकर आतंक फैला हुआ है,आए दिन पशुओं को परेशान किया जाता है जिससे बचाव के लिए इधर-उधर भागते हुए पुराने कुए या गड्ढो में गिर जाते हैं। इनको बचाने के लिए पशुचारको को 100- 150 फीट गहरे कुएं में अपनी जान जोखिम में डालकर बकरी एवं अन्य जानवरों को बाहर निकलते हैं। कई बार तो अधिकतर बकरियां या अन्य जानवर कुएं के अंदर ही मर जाती हैं। इससे किसानों को या ग्वालो को बहुत नुकसान होता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अपील की है कि जो पुराने सूखे कुएं हैं उन्हें या तो मिट्टी से भरा जावे या उन पर जाल लगाकर सुरक्षित किया जाए जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं नहीं हो सके।

### गोल्ड जीतने पर सम्मान किया

**सीकर**, (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 12 के छात्र जयप्रकाश गोसाईवाल पुत्र श्रीकृष्ण ने मिनीस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर एंड स्पोर्ट्स बोर्ड भारत सरकार के तत्वावधान में दिनांक 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक पानीपत हरियाणा मे आयोजित स्केटिंग नेशनल स्पोर्ट्स चैम्पियन 2024 में गोल्ड मैडल हासिल किया है। गॉव के बेटे जयप्रकाश गौसाईवाल द्वारा गोल्ड मैडल हासिल करने पर एवं पहली बार गॉव बरडवा आने पर बनवासा बस स्टैण्ड से पैतृक गॉव बरडवा तक ग्रावनासियों के काफिले के साथ घर पहुॅचने के पश्चात् संस्थान प्रबंधन एवं गॉववासियों द्वारा छात्र जयप्रकाश गौसाईवाल एवं उसके अभिभावकों का सम्मान किया गया जिसमें संस्थान के प्रबंधन सदस्यों राहुल ढाका, राजेन्द्र बुरडक, अशोक ढाका ने माला, साफा एवं मोंमेंटो भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्र के अभिभावक एवं गॉववासियों ने संस्थान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में छात्र के अभिभावकों सहित समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सांखोलिया तहसील अध्यक्ष बने

**तारानगर**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन राजस्थान के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा व प्रदेश महामंत्री अरविन्द गोड़ की अनुशंसा पर विप्र फाउण्डेशन के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा ने तारानगर के राधेश्याम सांखोलिया पुत्र भीमराज सांखोलिया को तहसील अध्यक्ष पद के लिये मनोनयन किया। इस सम्बन्ध में उन्होने अपने मनोनयन पत्र में लिखा कि आपके नेतृत्व में विप्र फाण्डेशन संगठन को और अधिक मजबूरी मिलेगी और विप्र समाज के सर्वांगिण विकास में आप हमेशा तत्तपर रहेगें। राधेश्याम सांखोलिया के विप्र फाण्डेशन के अध्यक्ष पद पर मनोनयन होने पर विप्र समाज के विजेन्द्र शर्मा, किशन लाल सांखोलिया, रामवतार सांखोलिया, पवन शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, अध्यापक मालचन्द शर्मा, इन्द्रचन्द शर्मा, दिनेश शर्मा, सन्दीप ओझा, किशनलाल शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, महावीर महर्षी, सुशील शर्मा, भगवती प्रसाद, लक्ष्मीनारायण महरवाल, लालचन्द शर्मा, गोविन्द महर्षी, चेतराम महर्षी, जितेन्द्र शर्मा, मंगलचन्द शर्मा ने इस नियुक्ति पर राधेश्याम सांखोलिया को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में 8 जून तक अवकाश

**झुंझुनूं**। जिले में आंगनबाड़ी केंद्र पर शालापूर्व शिक्षा के लिए आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक बिजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रदेश के गर्मी और हीट वेव के दृष्टिगत शासन सचिव के निर्देश पर जिला कलेक्टर से अनुमोदन उपरांत 8 जून तक अवकाश के आदेश जारी किए है। सभी लाभार्थियों को अवकाश की अवधि का पोषाहार घर के लिए दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपने पूर्व निर्धारित समय सुबह 7 से 11 बजे तक केंद्र पर रहकर विभागीय कार्य करेंगी।

## थली के ज्योति स्वरूप धाम पर पदयात्रियों ने चढ़ाएं निशान

**खेतड़ी**, (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति के थली गांव में स्थित ज्योति स्वरूप धाम पर सोमवार को वार्षिक निशान पदयात्रा का आयोजन किया गया।

इस दौरान पदयात्रियों ने दुर दराज से आकर बाबा के धाम पर निशान चढ़ाएं तथा धोक लगाकर खुशहाली की कामना की। ज्योति स्वरूप धाम थली के बाबा सहीराम ने बताया कि गांव में बना बाबा का मंदिर क्षेत्र व आसपास के गांवों के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है।

मंदिर में हर वर्ष प्रदेश के अलावा पड़ोसी राज्य हरियाणा व पंजाब से श्रृद्धालु पैदल हाथ में निशान पताका लेकर जयकारे लगाते हुए मंदिर में पंहुचते है।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की ओर से लाए गए निशान ज्योति स्वरूप धाम पर चढ़ाकर मनोकामना पूर्ण करने की अरदास की जाती है। उन्होंने कहा कि,इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म संस्कृति की जानकारी उपलब्ध हो पाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में सर्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।इसी के साथ यहाँ पर दूरदराज के विभिन्न गांवों से आए हुए श्रद्धालुओं ने सवामणी का भी आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर मनोज, बिट्टू सैन, विवेक, कविता, खेताराम गुर्जर, रोनक, कविता, संजय, दुर्गा, चिरंजीलाल, कमली, शकुंतला, ओमप्रकाश, विराट, काली, राजू सैनी, अनिरुद्ध शर्मा, बबलू गुवारिया, सुनीता, निशु, सुखबीर पाजू, हरभजनसिंह, मंजीत सिंह, हैप्पी, भूपेंद्र, गुड्डी, राम सरदार, जसवीर सिंह, कालूसिंह, मदनसिंह, मनीषा, अनिल गुर्जर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

- **मंदिर में धोक लगाकर की खुशहाली की कामना**

# टॉपर्स रहे विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**उदयपुरवाटी** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से 12 वीं विज्ञान व कला संकाय के घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किशोरपुरा ढहर के विद्यार्थियों ने परचम लहराते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है, इस विद्यालय में अध्ययनरत विज्ञान संकाय में मनीषा सैनी पुत्री कालूराम सैनी ने 97.20, व कला संकाय में पूजा सैनी पुत्री नानगराम सैनी ने 97.40 अंक प्राप्त कर उदयपुरवाटी तहसील स्तर पर टॉपर्स रही हैं।

मेधावी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने की खुशी में केशरदेव सैनी के मुख्य आतिथ्य व एडवोकेट मोतीलाल सैनी के संयोजन में तहसील स्तर पर टॉपर्स रही मनीषा सैनी, पूजा सैनी सहित गांव की कोमल सैनी पुत्री शीशराम सैनी 95.60, मोनिका सैनी पुत्री पूरणमल सैनी 92.40 अंक प्राप्त करने पर उनका व उनके परिजनों का ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। गौरतलब है विज्ञान संकाय में इस गांव की सोनम सैनी 97, ज्योति सैनी 96.80, रेणू कुमावत 96, कल्पना सैनी



उदयपुरवाटी तहसील स्तर पर टॉपर्स विद्यार्थियों का ग्रामीण अभिनंदन करते।

95.60, अनिता सैनी 95.40, हिना सैनी 94.60, अनुज सैनी 93.20, अन्नू मीणा 92.80, मोनिका सैनी 92.40, लोकेश सैनी 92, पिंकी सैनी 91.40, मोहित सैनी 91.20, कविता सैनी 91, अनिल सैनी 90.60, हिमांशु सैनी 90.60 एवं कला संकाय में प्रवीण सैनी 88.60, पलक शर्मा 86.80, डिंपल कुमारी 86 सहित मोनिका सैनी ने 85 अंक प्राप्त कर गांव को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मेधावी प्रतिभाओं ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व शिक्षकों को दिया है। इन प्रतिभाओं का मुख्य ध्येय इंजीनियर, डॉक्टर एवं प्रशासनिक अधिकारी बनने का है।

अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि केशरदेव सैनी ने मेधावी विद्यार्थियों को मोटिवेशनल जानकारी देते हुए उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि मेधावी प्रतिभाओं की कामयाबी व उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान अभिनंदन समारोह में रतनलाल टांक, पूरण मल सैनी फौजी, नानग राम, नत्थूराम सैनी, शीशराम सैनी, रावत राम सैनी, गोपीचंद सैनी व संदीप सैनी मौजूद रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 154 रोगी लाभान्वित

**झुंझुनूं**, (निसं)।लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम (गुड़गांव) के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय सुशीलादेवी तुलस्यान धर्मपत्नी केशरदेव तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान एवं परिवारजन के सौजन्य से सोमवार को आशीर्वाद मेडिकल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर बॉम्बे कॉम्पलेक्स के सामने स्टेशन रोड स्थित आशीर्वाद टावर पर में निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए शिविर संयोजक एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग राजीव शुक्ला एवं कैंप मैनेजर उपेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके तनेजा, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. शाकिर खान, श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. ईशान बन्दन ने शिविर में आए हुए 154 रोगियों की जांच कर निशुल्क चिकित्सा परामर्श उपचार दिया एवं शिविर में आवश्यकता अनुसार आए हुए रोगियों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, पीएफटी फेंफड़ों की जांच एवं बीएमडी, हड्डियों में कैल्शियम की जांच आदि भी की गई। कार्यक्रम समापन पर लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं दानदाता तुलस्यान परिवार की ओर से शिविर में सफल सेवाएं देने वाले मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं स्टाफ का माल्यार्पण कर दुपट्टा ओढाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दानदाता परिवार के केशरदेव तुलस्यान, विजयकुमार तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, माधव तुलस्यान, अग्रवाल समाज झुंझुनूं के अध्यक्ष सम्पत्त चुड़ैलेवाला सहित अन्यजन उपस्थित थे।

## छात्र का सैनिक स्कूल में चयन

**चिड़ावा**, (निसं)। जीवनी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ऋतुराज झाझडिया का सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में चयन होने पर विद्यालय में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थी ऋतुराज झाझडिया का संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील, सचिव भगवती मील, निदेशक रीतेश मील, प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। प्रधानाचार्य वर्मा ने बताया कि छात्र ऋतुराज ने सैनिक प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में कक्षा आठवीं की सैनिक क्लासेज पूर्व से यथावत है।

## भीषण गर्मी में भी स्काउट कर रहे जल सेवा

**पाटन**। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नीमकाथाना के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन नीमकाथाना पर जल सेवा व शरबत सेवा 17 मई से निरंतर चल रही है।

जल सेवा शिविर में लालचंद सोनी, शीश राम यादव (अध्यापक), भगवान सहाय सैनी, राधेश्याम शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, विक्रम लोचीब, रामजीलाल अग्रवाल, सतपाल यादव, शंभू दयाल सैनी, सुभाष चंद्र शर्मा, गिरधारी लाल, रोवर पियूष टेलर, रेंजर मीना, शीतल कंवर, स्काउट जितेंद्र वर्मा, प्रिंस सैनी, अंकित गुर्जर, सोनू खान, मनीष गुर्जर और मनीष मीणा आदि नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जल सेवा व शरबत सेवा के लिए भामाशाह महावीर प्रसाद शर्मा व ओम नारायण जांगिड़ द्वारा आवश्यकता अनुसार बर्फ की सिलिया निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रेलवे स्टेशन पर रेलवे स्टाफ द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। सोमवार के दिन शरबत के भामाशाह धर्मपाल यादव मोदी बाग नीमकाथाना रहे। जलसेवा व शरबत सेवा 24 जून तक निरंतर चलती रहेगी। यह जानकारी जल सेवा शिविर प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने दी।

# 'आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मुश्तैदी के साथ आपसी समन्वय रखें'

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित

**सीकर**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण समिति की बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी विभागों निर्देश दिये कि जिले के भौतिक स्वरूप एवं उपलब्ध संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए आपदा से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मुश्तैदी के साथ सभी विभाग आपसी समन्वय रखें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा प्रबंधन के संबंध में अपने विभाग की बैठक आयोजित कर 15 जून से पूर्व कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर सूचना तुरन्त भिजवाएं।

उन्होंने जिला परिषद, उपखण्ड अधिकारियों, नगर विकास न्यास एवं नगर परिषद, पंचायती राज विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी, नगरीय निकायों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने आपदा



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण समिति की बैठक आयोजित हुई।

प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग को जिले के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के अनुरूप तैयारियों को अमलीजामा पहनाने के आदेश दिए। उन्होंने एसडीआरएफ की टीमों को भी हर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, सिविल डिफेन्स विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निचले इलाकों में जल भराव के स्थानों को चिन्हित करे व आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित राहत बचाव टीमों को जरूरी संसाधनों के साथ तैयार रखे। साथ ही निचले क्षेत्रों में भरे पानी को निकालने के लिए पम्प सेटों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जीवन रक्षक दवाओं व अन्य महत्वपूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जरूरी संसाधनों की जांच की जाए व परिवहन विभाग को वाहनों की व्यवस्था रखने को कहा।

बैठक में फतेहपुर एसडीएम दमयंती कंवर,डीटीओ ताराचंद बंजारा, सीएमएचओ डॉ. निर्मल सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता प्रहलाद सिंह, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता अरूण पुरोहित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्या वाचस्पति की उपाधि दी

**सीकर**, (निसं)। मरू और मेरू की सिरमौर शेखावाटी धरा की प्रख्यात कवयित्री, साहित्यकार, समाजशास्त्री, समीक्षक एवं शिक्षाविद् विमला महरिया को मोहन लाल सुखाडिया, विश्वविद्यालय द्वारा उनके द्वारा समाजशास्त्र विषय में किए गये शोध कार्य के लिए विद्या वाचस्पति की उपाधि से विभूषित किया गया है। इस अवसर पर शोध निर्देशिका डॉ0 आशा गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ0 पूरनमल यादव, प्रोफेसर राजू सिंह, प्रोफेसर ज्योति उपाध्याय (एक्टर्नल), डॉ0 कामिनी व्यास सहित अन्य विभागीय अधिकारी और शोधार्थी उपस्थिति रहे।

उल्लेखनीय है कि विमला महरिया ने डॉ0 आशा गुप्ता के निर्देशन में "स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में योग की भूमिका : राजस्थान का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। अपने इस शोध में उन्होंने सामाजिक विकास में योग की भूमिका का विशद् अध्ययन किया है जिसमें व्यक्ति द्वारा योग को आत्मसात किये जाने के परिणामस्वरूप होने वाले सकारात्मक प्रभावों और परिणामों का व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, सामरिक और पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय रूप में अनुसंधान किया है। महरिया ने अपने शोध प्रबंध में योग को व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में लाभकारी बताते हुए सामाजिक विकास में इसकी आवश्यकता और महत्व को बताया है।

# उपजिला चिकित्सालय में पहली बार हुआ बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन



उप जिला अस्पताल में बच्चेदानी का ऑपरेशन करती चिकित्सक टीम।

**तारानगर**, (निसं)। तारानगर के राजकीय उप जिला अस्पताल में अस्पताल के चिकित्स टीम द्वारा सोमवार को बच्चेदानी निकालने का बड़ा ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया।

उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर देवीलाल जोशी ने बताया कि सोमवार को सुबह ओपीडी में दिखाने आए महिला मंजू पत्नी गौरीशंकर निवासी लुणास लम्बे समय से बच्चेदानी की समस्या से ग्रसित थी। जो लगातार रक्तस्त्राव, ल्युकोरिया सहित रोगों से पिड़ित थी। जिसने काफी स्थानों पर अलग-अलग डॉक्टरों को दिखाया था। लेकिन कोई आराम नहीं मिला। महिला ने अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका बेनीवाल को दिखाया। जिन्होने ऑपरेशन ही इसका उपचार बताया। जिसके बाद महिला व परिजनों की सहमति बनने पर ऑपरेशन की तैयारी की गई। करीब एक घंटे चले ऑपरेशन के बाद महिला की बच्चेदानी को निकालने का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। अब महिलाओं को सामान्य वार्ड में भर्ती कर देखरेख शुरू कर दी गई है।

पीएमओ डॉ. जोशी ने आगे बताया कि तारानगर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए बड़ी सेवाएं लगातार जुड़ती जा रही है। जिसमें सिजेरियन प्रसव, घुटना रिप्लेसमेंट जैसे ऑपरेशन पूर्व में किए गए। सोमवार को हुए बच्चेदानी के ऑपरेशन से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। जिसमें इस प्रकार की बीमारी के लिए उन्हे चूरू, बीकानेर, जयपुर आदि बड़ी जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हे तारानगर में ही ऑपरेशन की सुविधा मिलने लगेगी। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका बेनीवाल, जनरल सर्जन डॉ. गजानंद रसगनिया, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. शिवशंकर जांगिड़ ने ओपरेशन किया और नर्सिंग अधिकारी बनवारीलाल जांगिड़, शिवचरण रैगर, चंद्रप्रकाश गिरी, कृष्ण कुमार आदि ने ओपरेशन में सहयोग किया।